भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5168
(24 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)
महिला स्वामित्व वाले स्वयं सहायता समूहों में एनपीए

5168. श्री कालिपद सरेन खेरवाल:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बड़े राज्यों में वे तीन शीर्ष राज्य कौन हैं जिनमें महिला स्वयं सहायता समूहों में गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का प्रतिशत सबसे कम है; और
(ख) महिला स्वयं सहायता समूहों में सर्वाधिक एनपीए वाले शीर्ष तीन राज्य कौन-से हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)

(क): बड़े राज्यों (बकाया राशि के मामले में) के बीच महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में सबसे कम प्रतिशत गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) वाले शीर्ष तीन राज्य आंध्र प्रदेश (0.61%), पश्चिम बंगाल (1.05%) और बिहार (1.96%) हैं। डीएवाई-एनआरएलएम के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में ऋण बकाया राशि, एनपीए राशि और एनपीए के प्रतिशत का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में सबसे अधिक एनपीए राशि वाले शीर्ष तीन राज्य तमिलनाडु (3.65%), कर्नाटक (2.72%) और तेलंगाना (2.07%) हैं।

*****

अनुबंध

'महिला स्वामित्व वाले एसएचजी में एनपीए' के संबंध में दिनांक 24.03.2026 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5168 के भाग (क) उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

डीएवाई-एनआरएलएम के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों में ऋण बकाया राशि, एनपीए राशि और एनपीए के प्रतिशत का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

भौगोलिक क्षेत्र-वार ऋण चूक रिपोर्ट (17.03.2026 तक की स्थिति के अनुसार)				
क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**बकाया राशि (करोड़ रु. में)**	**एनपीए राशि (करोड़ रु. में)**	**एनपीए का %**
1.	मेघालय	351.73	22.18	6.31%
2.	मिजोरम	94.85	4.81	5.07%
3.	गुजरात	990.99	48.10	4.85%
4.	पुदुचेरी	248.48	10.85	4.36%
5.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1.65	0.06	3.86%
6.	हरियाणा	729.64	27.04	3.71%
7.	तमिलनाडु	30611.25	1116.05	3.65%
8.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2.40	0.08	3.46%
9.	मणिपुर	103.24	3.45	3.34%
10.	अरुणाचल प्रदेश	49.91	1.60	3.20%
11.	राजस्थान	3031.82	91.47	3.02%
12.	केरल	10987.89	325.53	2.96%
13.	उत्तर प्रदेश	3937.62	115.06	2.92%
14.	महाराष्ट्र	15000.94	429.71	2.86%
15.	छत्तीसगढ	3492.55	98.48	2.82%

16.	कर्नाटक	30147.68	820.71	2.72%
17.	मध्य प्रदेश	5455.09	133.56	2.45%
18.	पंजाब	171.68	3.63	2.11%
19.	तेलंगाना	40272.20	835.63	2.07%
20.	बिहार	28601.16	559.51	1.96%
21.	नागालैंड	162.66	3.08	1.89%
22.	जम्मू एवं कश्मीर	1055.42	17.64	1.67%
23.	उत्तराखंड	471.40	7.75	1.64%
24.	गोवा	113.61	1.84	1.62%
25.	हिमाचल प्रदेश	382.88	5.80	1.51%
26.	ओडिशा	19118.61	282.39	1.48%
27.	त्रिपुरा	727.86	9.54	1.31%
28.	पश्चिम बंगाल	32842.97	346.32	1.05%
29.	झारखंड	7762.62	67.43	0.87%
30.	असम	9582.43	81.28	0.85%
31.	आंध्र प्रदेश	82693.46	506.20	0.61%
32.	सिक्किम	68.46	0.30	0.43%
33.	लद्दाख	2.39	0.00	0.00%
34.	लक्षद्वीप	1.42	0.00	0.00%
	कुल	**329377.20**	**5977.37**	**1.81%**

****